महत्वपूर्ण एवं खास

जोगीपाली-कनकी जंगल में लगी भीषण आग

कोरबा-रायपुर (आरएनएस)। जिले के जोगीपाली-कनकी जंगल में बीती रात भीषण आग लग गई, जिससे जंगल धधकता रहा। आग धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर बड़े इलाके में फैल गई। ग्राम पंचायत जोगीपाली के ग्रामीणों ने जंगल में आग लगने की सूचना वन विभाग को दी, लेकिन वनकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश करते नहीं दिखे। आग के कारण जंगल को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों को संदेह है कि यह आग किसी असामाजिक तत्व द्वारा जानबूझकर लगाई गई है। फिलहाल, वन विभाग की निष्क्रियता से ग्रामीणों में रोष है।

आश्रय गृह (बालिका) की घटना की विस्तृत जाँच के लिए जाँच अधिकारी नियुक्त

जाँच कर प्रतिवेदन 15 दिवस में पेश करने के निर्देश

जशपुरनगर (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रोहित व्यास ने आश्रय गृह (बालिका) जशपुर के घटना की विस्तृत दण्डाधिकारी जाँच हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी जशपुर को जाँच अधिकारी नियुक्त कर विभिन्न बिन्दुओं पर जाँच करने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें बालिका की मृत्यु तथा फांसी लगाने का कारण, इन कारणों के संबंध में विस्तृत जाँच, खुला आश्रय गृह (बालिका) में सुरक्षा के उपाय तथा सुरक्षा में चूक व लापरवाही के दोषी, क्या समय पर इलाज उपलब्ध हो पाया, नही तो दोषी कौन है के संबंध में जांच तथा जाँच अधिकारी अन्य कोई बिन्दुओं पर भी जांच कर सकते हैं। साथ ही भविष्य के लिए सुझाव देने के लिए भी कहा गया है। उन्होंने सभी बिन्दुओं पर जाँच प्रतिवेदन 15 दिवस में पेश करने के निर्देश दिए हैं कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जशपुर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार सार्वजनिक विकास वाहिनी खुला आश्रय गृह (बालिका) जशपुर में आस्ता थाना के ग्राम कांची निवासी 14 वर्षीय बालिका को 16 मार्च 2025 को बाल कल्याण समिति के आदेश पर को अस्थाई संरक्षित किया गया था। 18 मार्च 2025 को प्रात: 09.30 बजे खुला आश्रय गृह में बालिका द्वारा बाथरूम में फांसी लगाने की कोशिश की गई है, जिसकी चिकित्सा जांच हेतु जिला अस्पताल जशपुर ले जाया गया तथा मृत्यु का उल्लेख किया गया है।

प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन के लिए 04 लाख की राशि स्वीकृत

जशपुरनगर (आरएनएस)। कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आर.बी.सी. 6-4 के तहत् 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम गंझियाडीह निवासी रोंगसा राम का जहरीले सांप के काटने से 02 जून 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिक के निकटतम वारिस उनकी पत्नी पुष्पा बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा 23 को, 5 लाख से अधिक शिक्षार्थी होंगे शामिल

रायपुर (आरएनएस)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा का आयोजन 23 मार्च 2025, रविवार को किया जाएगा. यह परीक्षा सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक देशभर के 18,057 राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान पंजीकृत स्कूलों में आयोजित होगी. इस महापरीक्षा अभियान में 5 लाख से अधिक शिक्षार्थी शामिल होंगे. परीक्षा का आयोजन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है, जबकि स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा सफल शिक्षार्थियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा.परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों की ऑनलाइन तथा जिला परियोजना अधिकारियों और नोडल अधिकारियों का राज्य स्तर पर उन्मुखीकरण किया गया है.

छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में गूंज उठी बीजापुर के युवाओं की बुलंद आवाज

'नक्सलवाद से मुक्ति और विकास की राह पर आगे बढ़ने का है इरादा'

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचल बीजापुर जिले के युवाओं ने आज लोकतंत्र के मंदिर—विधानसभा परिसर में इतिहास रच दिया। राज्य की 'स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना' के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे बीजापुर के इन युवा प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सामने एकजुट होकर अपनी मंशा व्यक्त की – हम अपने गांव, जिले और प्रदेश को नक्सलवाद से मुक्त देखना चाहते हैं और विकास की मुख्यधारा में शामिल होकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाना चाहते हैं।

इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युवाओं की इस मजबूत इच्छाशक्ति की सराहना करते हुए कहा, आपका संकल्प ही हमारा संकल्प है। यदि क्षेत्र के युवा ठान लें, तो हम सभी के सहयोग से जल्द ही नक्सलवाद के अंधकार को समाप्त कर छत्तीसगढ़ को समृद्धि और विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

'नियद नेल्ला नार योजना' से विकास की नई रोशनी

मुख्यमंत्री साय ने युवाओं को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार 'नियद नेल्ला नार योजना' के माध्यम से उनके गांवों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि निरंतर खुल रहे सुरक्षा कैंपों और सुदूर अंचलों में प्रशासन की बढ़ती पहुंच से नक्सली दायरा सिमटता जा रहा है, जिससे अब विकास को नई गति मिल रही है।

मुख्यमंत्री साय ने हाल ही में अपने दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हुई महत्वपूर्ण चर्चा का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार भी बीजापुर और बस्तर संभाग के अन्य क्षेत्रों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य के दूरस्थ इलाकों की स्थिति पर लगातार नजर रखते हैं और वहां हो रहे विकास कार्यों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने युवाओं को आश्वस्त किया कि उनके गांवों में मोबाइल टावर लगाने, पक्की सडक़ें बनाने, हर घर तक बिजली पहुंचाने और परिवहन सुविधाओं का विस्तार करने की योजनाएं सरकार की प्राथमिकता में हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है ताकि सुदूर अंचल के ग्रामीणों को भी शहरी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

बीजापुर के युवाओं के लिए ऐतिहासिक दिन – विधानसभा और राजधानी का अनुभव मिला

बीजापुर जिले के विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों युवाओं के लिए यह दिन एक ऐतिहासिक अनुभव से कम नहीं था। राजधानी रायपुर में आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन, छत्तीसगढ़ विधानसभा और वनवासी कल्याण आश्रम का दौरा किया।

राजधानी में आगमन के दौरान युवाओं ने विधानसभा परिसर का दौरा किया और दर्शक दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही देखी। वे पहली बार लोकतंत्र के इस मंच से जनप्रतिनिधियों की बहस और नीतिगत चर्चाओं को देखकर रोमांचित हो उठे।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक धर्म कौशिक, अनुज शर्मा और लता उसेंडी ने भी युवाओं से भेंट कर चर्चा की।

सरकार आपके साथ है' – उपमुख्यमंत्री का आश्वासन

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने युवाओं से उनके गांव की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली और उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य सरकार आपके गांवों में पक्की सडक़, बिजली, शुद्ध पेयजल, राशन, चिकित्सा और आवास जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

सशक्त युवा – सशक्त छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर युवाओं को यह संदेश दिया कि शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है। जब युवा सही दिशा में आगे बढ़ेंगे, तो कोई भी ताकत क्षेत्र के विकास को बाधित नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की युवा पीढ़ी अब बदलाव के लिए तैयार है। बीजापुर के युवाओं की यह मजबूत आवाज पूरे प्रदेश के लिए एक नई रोशनी लेकर आई है।

नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ – विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को जल्द पूरा करने की प्रतिबद्धता के साथ मुख्यमंत्री साय ने बीजापुर के युवाओं से कहा कि हम आपके साथ हैं, आपके गांव के विकास और आप सभी के स्वर्णिम भविष्य को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने युवाशक्ति से आह्वान किया कि इस बदलाव का हिस्सा बनें, अपने सपनों को साकार करें, और छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। उन्होंने युवाओं से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की और कहा कि हम सभी मिलकर छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त, विकसित और समृद्ध राज्य बनाएंगे।

शिव महापुराण कथा

श्रद्धालुओं को आयोजन स्थल तक लाने 40 बसों को 7 दिन का दिया गया परमिट

❒ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बस किराया किया गया नियत

जशपुरनगर | आरएनएस

मयाली नेचर कैंप, मधेश्वर पहाड़ी के समीप शिव महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा 21 मार्च से 27 मार्च तक अपने दिव्य वचनों से श्रद्धालुओं को शिवभक्ति से ओतप्रोत करेंगे। इस कथा वाचन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। श्रद्धालुओं की सुविधां के लिए और किसी भी प्रकार अव्यवस्था न हो इसकी पूरी तैयारी जिला प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है। जिसके तहत 40 बसों को जिले के कोने-कोने से आयोजन स्थल तक पहुंचाने हेतु सिटी बस और निजि बस संचालको को 7 दिन तक का स्पेशल परमिट दिया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बस का किराया निर्धारित किया गया है। निर्धारित किराया से अधिक नहीं लेने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत राज्य शासन के किराया निर्धारणानुसार प्रति किलोमीटर 1.25 रूपए किराए की दर निर्धारित की गई है। बस प्रात: 8 बजे से 10:30 बजे सुबह मयाली पहुंचने उपरांत कार्यक्रम समापन के बाद अपने निर्धारित आरंभ स्थल तक वापस जाएगा।

विकासखंड जशपुर से 5 बसे चलाई जा रही है जिसमें आरा, इचकेला से मयाली, सोगड़ा से मयाली, 2 बसें कल्याण आश्रम जशपुर से मयाली और लोदाम, पोरतेंगा से मयाली तक। इसी तरह विकासखंड मनोरा से 3 बसें जिनमें आस्ता, गजमा से मयाली, मनोरा से मयाली और घाघरा से मयाली तक। कुनकुरी विकासखंड से 3 बसें जिनमें कुनकुरी से मयाली, रनपुर, जोगबहला, कलिबा, ढोड़ीडांड़, कुनकुरी से मयाली और गोरया, बंदचुंवा, कुनकुरी से मयाली तक। विकासखंड दुलदुला से 3 बसे जिनमें कस्तुरा, रायडीह, बांगुरकेला से मयाली, सपघरा, मकरीबंधा, करडेगा, चटकपुर से मयाली और दुलदुला से मयाली तक।

कांसाबेल विकासखंड से 6 बसे जिनमें बटाईकेला से मयाली, कांसाबेल से मयाली, पोंगरो से मयाली, टांगरगांव, सेमरगांव, कांसाबेल से मयाली, दोकड़ा, बगीया बंदरचुंवा, कुनकुरी से मयाली और लमडांड़ से मयाली, बगीचा विकासखंड से 9 बसें जिनमें महादेवडांड़, भितघरा, साहीडांड़, सरबकोम्बो से मयाली, सेमरकछार से मयाली, बिमडा से मयाली, रेंगले, कुहापानी सरबकोम्बो नारायणपुर, केराडीह से मयाली, पंडरापाठ से मयाली, सेंदरीमुंडा से मयाली, सन्ना से मयाली, बगीचा से मयाली और जुजगू से मयाली तक।

फरसाबहार विकासखंड से 4 बसें जिनमें लवाकेरा, तपकरा, कुनकुरी से मयाली, अबिरा, सिंगीबहार कुनकुरी से मयाली, लठबोरा से मयाली और सराईटोला से मयाली तक। पत्थलगांव विकासखंड से 7 बसें जिनमें पत्थलगांव से मयाली, घरजियाबथान मयाली, गाला से मयाली, तमता मयाली, किलकिला से मयाली, सुरंगपानी से मयाली और बागबहार से मयाली तक के रूट को बस चलाने का स्पेशल परमिट दिया गया है।

मरीन ड्राइव में नहीं नजर आएंगे टॉय ट्रेन और कार, निगम ने किया जब्त, अवैध तौर पर कर रहे थे संचालित

रायपुर | आरएनएस

तेलीबांधा तालाब पाथ-वे, जिसे मरीन ड्राइव के नाम से जाना जाता है, वहां नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। निगम ने फुटपाथ पर अवैध रूप से संचालित टॉय ट्रेन और टॉय कार को जब्त कर लिया गया। इसके अलावा, स्प्री वॉक कंपनी द्वारा उपयोग किए जा रहे कई अन्य सामान भी बड़ी संख्या में जप्त किए गए।

दरअसल मरीन ड्राइव पर वॉक के लिए आने वाले लोगों की शिकायत लंबे समय से नगर निगम तक पहुंच रही थी। उनका कहना था कि पाथ-वे पर अवैध रूप से चल रही कमर्शियल गतिविधियों के कारण मॉर्निंग और इवनिंग वॉक में दिक्कत हो रही है। खासकर टॉय ट्रेन और टॉय कार के संचालन से उन्हें टहलने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

निगम में सरकार बदलने के बाद नगर निगम ने इस मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत कार्रवाई की। निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से चलाए जा रहे व्यवसायों को हटाया और जब्त की गई सामग्रियों को नगर निगम के गोदाम में भेज दिया। इस कार्रवाई के बाद मरीन ड्राइव पर मॉर्निंग और इवनिंग वॉक करने वाले सैकड़ों लोगों ने राहत की सांस ली है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखा जाएगा।

वाहन एवं मोबाईल लूट/चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

रायपुर | आरएनएस

जिले के विभिन्न स्थानों से वाहन,मोबाईल की लूट सहित चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक अंतर्राज्यीय आरोपी सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट की यामहा आर वन फाईव मोटर सायकल, एक मोबाईल फोन, चोरी की प्लेटिना मोटर सायकल तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा व पल्सर मोटर सायकल जप्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दिनेश कुमार रेड्डी ने थाना अभनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम सातपारा तेंदुपत्ता गोदाम में मैनेजर का काम करता है कि दिनांक 20.02.2025 के रात्रि करीब 8 बजे प्रार्थी अपने साथी शमशेर अंसारी के यामहा आर वन फाईव मोटर सायकल क्रमांक सी जी/04/पी क्यू/2699 को लेकर अकेले छोटे उरला स्थित अंग्रेजी शराब दुकान पास मोटर सायकल को खडी कर अपने मोबाईल फोन से बात कर रहा था, उसी समय तीन अज्ञात लडके अपने पल्सर मोटर सायकल से प्रार्थी के पास आकर प्रार्थी पर चाकू टिकाकर जान से मारने की धमकी देकर उसके मोबाईल फोन, जेब में रखें नगदी रकम 1500 रूपये तथा यामहा आर वन फाईव मोटर सायकल क्रमांक सी जी/04/पी क्यू/2699 को लूट कर फरार हो गये, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना अभनपुर में धारा 309(4) बी.एन.एस. 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

आयुष्मान वय वंदना कार्ड : जिले में अब तक बनाए गए 17831 वयं वदना कार्ड

❒ जिले में कार्ड बनाने हेतु 44 चिकित्सालय चिन्हांकन

❒ आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक

जशपुरनगर | आरएनएस

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाते हुए केन्द्र सरकार ने 70 साल व इससे अधिक उम्र के व्यक्तियो को 5 लाख तक मुक्त ईलाज की सुविधा दिये जाने हेतु आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से योजना का शुभारंभ किया गया है। जिसका लाभ आयुष्मान योजना के तहत् रजिस्टर्ड किसी भी निजी और सरकारी अस्पताल में करा सकते है। इसका लाभ हर वर्ग व आयु के वरिष्ठजन ले सकते हैं। इसकी एक और खात बात यह है कि पहले से परिवार का आयुष्मान कार्ड बना हो तक भी 70 से ज्यादा वालों को 5 लाख का अतिरिक्त कवर मिलेगा। बुजुर्गो को इस योजना के तहत लाभान्वित करने के लिए जिले के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत् लाभ दिए जाने हेतु आयुष्मान वय वंदना कार्ड स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा डोर-टू डोर एवं स्वास्थ्य सेटर में बनाया जा रहा है। पात्रता का आधार हितग्राही की आयु ही मात्र होगी, जिसे आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा। जिसमें आयुष्मान भारत में सम्मिलित अर्थात् राशन कार्ड में सूचीबद्ध एवं अन्य समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक पात्र होगे। चूंकि पहले बुजुर्गों का कार्ड भी राशन कार्ड के हिसाब से बनता था इसलिए किसी का 50 हजार तो किसी का 5 लाख का कार्ड बना हुआ है। अब जिले के समस्त वरिष्ठ नागरिको 70 वर्ष से अधिक से अपील किया गया है कि अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में बनवा लेवें। आयुष्मान वय वदना कार्ड बनाने का अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु निर्धारित समय सीमा में वय वंदना कार्ड बना लेवे। कार्ड बनाने हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड साथ लेकर आयें।

जिले में अब तक 17831 वयं वदना कार्ड बनाया गया है। आयुष्मान वयं वंदना कार्ड बनाने के लिए जिले के 44 चिकित्सालयों का चिन्हांकन किया गया है।

पिता ने 4 बेटियों को 50 हजार में बेचा, दलाल ने देह व्यापार में धकेला, बिहार से छुड़ाई गई छत्तीसगढ़ की बहनों की आपबीती

रायपुर | आरएनएस

बिहार के रोहतास जिले से रेस्क्यू कर छत्तीसगढ़ लाई गई 41 लड़कियों में से रायपुर जिले की रहने वाली चार नाबालिग सगी बहनों को उनके पिता ने 50 हजार रुपये में दलाल को बेच दिया था।

इसका राजफाश रायपुर की चार बहनों ने पुलिस व महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए गए बयान में किया है।

पीड़ित नाबालिग ने बताया कि रोहतास जिले के नटवार बाजार की नौटंकी में डांस का काम दिलाने के नाम पर दलाल यहां से लेकर गया था। कुछ दिनों बाद ही सभी को देह व्यापार में धकेल दिया। गंदा काम करने से मना करने पर वह लड़कियों की पिटाई भी करता था। दलाल व उसके गुर्गे सभी लड़कियों को एक झोपड़ीनुमा घर में बंधक बनाकर रखते थे।

रायपुर में सडक़ किनारे रहता था परिवार

रेस्क्यू में शामिल अफसरों के मुताबिक, पिछले हफ्ते रोहतास के नटवार बाजार क्षेत्र में पुलिस ने दबिश देकर बंधक बनाकर रखी गई 41 लड़कियों को छुड़ाया। पूछताछ के दौरान रायपुर की चार सगी नाबालिग बहनों में से एक ने बताया कि रायपुर की एक सडक़ के किनारे उसका परिवार रहता है।

कुल पांच बहनें और एक भाई हैं। चार साल पहले मां की मौत के बाद पिता ने सभी को अकेले छोड़ दिया था। तीन साल पहले पिता एक व्यक्ति को लेकर उसके पास आए और कहा कि ये नौटंकी और डांस प्रोग्राम करवाते हैं।

इनके यहां पर नाचने का काम है। चारों बहनों को इनके यहां काम मिल जाएगा। इसके बाद सबसे छोटी बहन और छोटा भाई अच्छे तरीके से रह सकेंगे। पिता में लालच में आकर बेटियों का सौदा कर दिया।

डांस के साथ देह व्यापार करने बनाते थे दबाव

रोहतास में चारों बहनों को डांस सिखाया गया। तीन महीने के भीतर चारों स्टेज में नाचने लगीं। इसी बीच उसके मैनेजर ने उससे एक व्यक्ति के साथ सोने के लिए बोला। मना करने पर मारपीट की गई।

दलाल ने बोला कि तुम्हारे पिता ने ही बेचा है, इसलिए हमारी हर बात माननी ही पड़ेगी। अन्य लड़कियों के साथ भी ऐसा ही होता था। जो लड़कियां अच्छी नहीं दिखती थी, उन्हें रेस्टोरेंट और होटल में वेटर बना दिया जाता था।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

चाइनीज मांझा पर कार्यवाही करें पुलिस और सीएमओ: कलेक्टर धर्मेश साहू

❒ कलेक्टर धर्मेश साहू ने जिले के सभी कार्यों का समीक्षा किया

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नागरिकों के सीएम जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय के पीजीएन पोर्टल, पीजी पोर्टल और ई-समाधान से प्राप्त आवेदन पत्रों और विभागीय कार्यों का विस्तार से समीक्षा किया। उन्होंने सभी आवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी अधिकारियों को कहा कि एक सप्ताह में सभी शिकायत का निराकरण होना चाहिए। यदि कार्यवाही लंबित रहा तो उस अधिकारी पर कार्यवाही किया जाएगा। जिला दंडाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने धान खरीदी में अनियमितता करने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। चाइनीज मांझा से जानलेवा प्रकरण को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने जिले के दुकानों में अवैध रूप से बेचे जा रहे पड़ोसी देश चीन की बनी अवैध चाइनीज मांझा पर सख्त कार्यवाही के लिए पुलिस और सभी सीएमओ को निर्देश दिए।

बैठक में फॉर्मर रजिस्टेशन, रबी फसल के डिजिटल क्रॉप सर्वे, बैंक खाता में पीएम किसान ईकेवाईसी, आधार और भूमि सीडिंग, खाद वितरण, मृदा परीक्षण, आयुष्मान सह वय वंदना प्रगति रिपोर्ट, निक्षय मित्र, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक और डॉक्टर आपके द्वार के द्वारा की जा रही सेवा का प्रगति रिपोर्ट, धान उपार्जन, धान उठाव एवं बचत, पुल पुलिया निर्माण, पीएम आवास, अनुकंपा नियुक्ति, अनुपस्थित कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त करने की कार्यवाही करने आदि कार्यों का कलेक्टर ने समीक्षा किया। इस अवसर पर वनमंडला अधिकारी पुष्पलता टंडन, अपर कलेक्टर एस के टंडन, प्रकाश कुमार सर्वे, एसडीएम प्रखर चंद्राकर, वर्षा बंसल, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, शिक्षा शर्मा, मधु गबेल, कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला, जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद पटेल, नोडल अधिकारी समग्र शिक्षा नरेश चौहान, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पीएल पैकरा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बद्रीश सुखदेवे, आबकारी अधिकारी सोनल नेताम, जिला नोडल बैंक अधिकारी सुरेश दमके सहित तहसीलदार, सीएमओ, एसडीओ आदि उपस्थित थे।